दैनिक जागरण 31/08/2023

एडमेड प्रतियोगिता सिमरनजीत कौर रही प्रथम

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए एवं बीकाम के विद्यार्थियों के लिए एडमेड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न उत्पादों पर अपना विज्ञापन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां कालेज मे स्मार्टनेस लाती है। प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. रवनीत ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रबंधन समिति की इंचार्ज डा. अमिता ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सहायता की। प्रतियोगिता में सिमरनजीत कौर, जसबीर सेजल एवं उमेश ने प्रथम स्थान, ध्रुव, सुहानी, श्रेया, युविका ने द्वितीय स्थान और एकता, अनीशा और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सीमा कंसल एवं डा. तृप्ति शर्मा ने निभाई। बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम विजेता अंशु, द्वितीय बलजिंदर और तृतीय प्रतीक रहे। छात्राओं में प्रथम मोनी, द्वितीय अंजलि तृतीय मुस्कान रहे।